श्री धन्वंतरि जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना का शुभारंभ

drishtiias.com/hindi/printpdf/shree-dhanwantri-generic-medical-store-scheme

चर्चा में क्यों?

20 अक्तूबर, 2021 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिये श्री धन्वंतरि जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत उन्होंने राज्य में 84 दुकानों का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- इस योजना के तहत दुर्ग ज़िले और जांजगीर-चांपा ज़िले में 15-15, धमतरी, कोरबा और रायगढ़ में 6-6, राजनांदगांव में 5, बिलासपुर, कोंडागांव, सुकमा और बीजापुर में 3-3, रायपुर, गोरेला-पेंड्रा-मरवाही, सूरजपुर और जशपुर में 2-2 मेडिकल स्टोर खोले गए हैं।
- महासमुंद, बलौदाबाज़ार-भाटापारा, गरियाबंद, बेमेतरा, कबीरधाम, सरगुजा, बलरामपुर-रामानुजगंज, बस्तर, नारायणपुर, कांकेर और दंतेवाड़ा ज़िलों में एक-एक स्टोर खोले गए हैं।
- श्री धन्वंतरि जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स से उपभोक्ताओं को सस्ती दर पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयाँ उपलब्ध होगी। उपभोक्ताओं को दवाइयों की एमआरपी पर न्यूनतम 50.09 प्रतिशत और अधिकतम 71 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा।
- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर दवाइयों की होम किट और ट्रैवल किट का लोकार्पण भी किया। यह किट श्री धन्वंतरि जेनेरिक मेडिकल स्टोर में विक्रय के लिये उपलब्ध होगी। होम किट की कीमत 691 रुपए है, जो इन मेडिकल स्टोर में 290 रुपए के मूल्य पर तथा ट्रेवल किट, जिसकी कीमत 311 रुपए है, वह 130 रुपए में उपलब्ध होगी।
- नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा संचालित इस योजना में आने वाले समय में प्रदेश के 169 शहरों में 190 मेडिकल स्टोर्स प्रारंभ करने की योजना है। इन मेडिकल स्टोर्स में 251 प्रकार की जेनेरिक दवाइयाँ तथा 27 सर्जिकल उत्पाद की बिक्री अनिवार्य होगी। इसके अलावा वन विभाग के संजीवनी के उत्पाद, सौंदर्य प्रसाधन उत्पाद और शिशु आहार आदि का भी विक्रय किया जाएगा।
- इन मेडिकल स्टोर्स से मिलने वाली जेनेरिक दवाइयाँ 20 ब्रांडेड कंपनी की होंगी, जो सस्ती होने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण भी होंगी।